पत्रांक 19/ए 3 –25/2025
बिहार सरकार
उच्च शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अजीत कुमार सिंह,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा।

पटना, दिनांक -02/03/2026

विषय :– स्वामी सहजानन्द इवनिंग कॉलेज, महाराजगंज, सिवान को संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के पत्रांक 3259-Est-I दिनांक 21.08.2025 द्वारा स्वामी सहजानन्द इवनिंग कॉलेज, महाराजगंज, सिवान को स्नातक कला एवं वाणिज्य संकाय के कतिपय विषयों में शैक्षणिक सत्र 2025–29 एवं 2026–30 के लिये नव संबंधन प्रदान करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

सम्यक समीक्षोपरान्त प्रश्नगत प्रस्ताव के साथ विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेख/साक्ष्य अधूरा होने के कारण प्रस्ताव पर अस्वीकृति संसूचित करते हुए निदेश दिया जाता है कि विभागीय पत्रांक–1962 दिनांक 15.09.2021 में संसूचित निदेश के आलोक में पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत होकर विश्वविद्यालय के सभी सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन प्राप्त करते हुए, सभी संगत कार्यवाही एवं आधारभूत संरचना से संबंधित पूर्ण अभिलेखों के साथ प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय।

2. प्रस्ताव पर माननीय मंत्री महोदय का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/–
(अजीत कुमार सिंह)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–19/ए 3–25/2025 -369 पटना, दिनांक–02/03/2026

प्रतिलिपिः– उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, स्वामी सहजानन्द इवनिंग कॉलेज, महाराजगंज, सिवान एवं विभागीय आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Ajit
2/3/26

सरकार के उप सचिव